आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक-202-● कटनी ● बुधवार, 25 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

बुधवार सुबह के आंकड़े

एक ही दिन में बढ़े संक्रमण के 12 हजार से अधिक मामले

नई दिल्ली। देश में बुधवार को कोरोना के मामले में मंगलवार के मुकाबले 12 हजार से अधिक की वृद्धि हो गई जिसने लोगों के साथ-साथ सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 37,593 नए मामले आए हैं जबकि 648 लोगों की मौत हो गई। वहीं 34,169 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,22,327 है। वहीं देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,35,758 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,17,54,281 हो गई है। मंगलवार को बीते 24 घंटे में 25, 467 नए मामले सामने आए थे जबकि 354 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 39 हजार से ज्यादा मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। वहीं कल सक्रिय मरीजों की कुल संख्या 3.19 लाख थी। वहीं देश भर में मंगलवार तक 58.89 करोड़ से ज्यादा कोरोना के टीके लगाए गए थे। जबकि कल बीते 24 घंटों में 63.85 लाख वैक्सीन की डोज लगाई गई थीं। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 24,296 नए मामले सामने आए हैं। जिससे राज्य में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 38,51,984 हो गई। जबकि 173 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की तादाद 19,757 पर पहुंच गई। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने अहम जानकारी देते हुए कहा कि देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले कुल मामलों के 0.99 फीसदी हैं।

मध्य प्रदेश में 20 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य, 36 लाख डोज उपलब्ध

भोपाल। कोरोना टीकाकरण महाअभियान के दूसरे चरण में आज पहले दिन 20 लाख लोगों को कोविड-19 से बचाव के टीके का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। कोवैक्सीन और कोविशील्ड दोनों वैक्सीन लगाई जाएंगी। दो दिन के इस अभियान में गुरुवार को 15 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेश के टीकाकरण केंद्रों में 36 लाख डोज वैक्सीन पहुंचा दी गई है। स्वास्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भी केंद्र सरकार से नौ लाख डोज मिले हैं। पहले से 27 लाख डोज उपलब्ध थे। बुधवार को भी टीका केंद्र से मिलेगा। प्रदेश भर में टीकाकरण के लिए बुधवार को 8000 सत्र आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोग टीका लगवाने के लिए आएं, इसके लिए प्रदेश भर में टीमें काम कर रही है।

काबुल से आये 16 लोग पाजिटिव

भारत सरकार ने अफगानिस्तान में फंसे लोगों को निकालने में काफी तेजी दिखाई है मंगलवार को काबुल से 78 नागरिकों को भारत लाया गया था। इनमें से 16 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें वो तीन लोग भी शामिल हैं, जो अलग-अलग गुरुद्वारों से श्री गुरु ग्रंथ साहिब लेकर आए थे। ये लोग केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के संपर्क में भी आए थे।

क्रिक अपडेट

लाड्र्स में आज से तीसरा टेस्ट, टीम में बदलाव संभव

लाड्र्स। लॉड्र्स टेस्ट में इंग्लैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज करने के बाद अब विराट कोहली की टीम इंडिया ने तीसरे मुकाबले के लिए कमर कस ली है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा मैच 25 अगस्त से लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। वैसे हेडिंग्ले इंग्लैंड का किला रहा है लेकिन भारत उसे तोड़ने से नहीं चूकेगा। पहले दो टेस्ट मैचों की बात की जाए तो टीम इंडिया काफी संतुलित नजर आई। भारत के टॉप आर्डर ने अब तक इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है जबकि टीम इंडिया के गेंदाबाज काफी घातक साबित हुए हैं। लेकिन चिंता भारत के मध्यक्रम को लेकर की जा रही है। ऐसे में भारत की टीम में बदलाव संभावित है।

रोहन नाम बताकर इरफान ने युवती से की शादी

आगर-मालवा। सुसनेर में लव जिहाद का मामला सामने आया है। मंगलवार की शाम 6 बजे सोयत रोड़ स्थित सुसनेर पुलिस थाने में पीड़िता शिकायत दर्ज कराने पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक-12 में जामुनिया रोड़ पर निवास करने वाले इरफान खान नामक युवक ने तीन साल पहले शुजालपुर में अपना नाम रोहन बताकर उससे शादी की थी। 21 वर्षीय पीड़िता से शपथ पत्र करवाकर विवाह किया। उसके बाद युवक ने उसका नाम बदलकर आलिया बी रखते हुए निकाह किया।

सितंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होंगी पहली से आठवीं तक की कक्षाएं

भोपाल। मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति के नियंत्रण में आने के बाद सरकार ने स्कूलों में पहली से आठवीं तक की कक्षाएं शुरू करने का फैसला लिया है। सितंबर के दूसरे सप्ताह से स्कूलों में पहली से आठवीं तक विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं कोरोना प्रोटोकाल के पालन के साथ शुरू होंगी। इसके पहले 9वीं से 12वीं तक कक्षाएं स्कूलों में शुरू हो चुकी हैं।

चाचा पशुपति पारस का भतीजे चिराग पासवान पर बड़ा आरोप

पिता को जबरन अध्यक्ष पद से हटाया

पटना। केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बुधवार को चिराग पासवान पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चिराग ने अपने पिता रामविलास पासवान को जबरन राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से हटा दिया, जबकि उनकी इच्छा नहीं थी हटने की। पशुपति ने कहा कि मेरे बिहार प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान पार्टी का प्रदर्शन बेहद शानदार था लेकिन चिराग ने मुझे भी अध्यक्ष पद से हटा दिया। मेरी क्या गलती थी जो मुझे यह सजा मिली। वहीं उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चिराग ने मुझे चाचा मानने से इनकार कर दिया और मुझसे कहा कि हमदोनों का खून एक नहीं है। मैं अब चिराग से किसी भी तरह का संबंध रखना नहीं चाहता हूं। पशुपति ने कहा कि नीतीश कुमार को विकास पुरुष कहने पर चिराग ने मुझे पार्टी से निकालने तक की धमकी दे दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले साल संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान चिराग ने मुझे कहा कि हमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जेल भेजना है। मैंने विरोध करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि तुम उन्हें जेल भेज दोगे। पार्टी के सभी सांसद की राय है कि एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाए लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी और सबको किनारे कर दिया। वहीं उन्होंने कहा कि पार्टी को बचाने में मुझे एनडीए के सभी पार्टियों का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि चिराग ने पार्टी को बर्बाद कर दिया है। अब मैं उससे किसी भी तरह का संबंध नहीं रखना चाहता हूं। हाजीपुर ही नहीं पूरे बिहार की जनता हमारे साथ है।

तालिबान ने किये पासपोर्ट जब्त

अफगान नागरिकों को देश से बाहर ले जाने की इजाजत नहीं देंगे

काबुल अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान के घुसने के साथ ही यहां पिछले एक हफ्ते से ज्यादा समय से अफरा-तफरी का माहौल है। पूरे अफगानिस्तान से लोग काबुल एयरपोर्ट पहुंच रहे हैं, ताकि यहां से वे फ्लाइट पकड़ कर किसी और देश जा सकें। हालांकि, इस बीच तालिबान ने कहा है कि वह काबुल एयरपोर्ट जा रहे अफगान नागरिकों को रोकेगा। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्होंने एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़कें ब्लॉक कर दी हैं। अफगान अब एयरपोर्ट तक नहीं जा पाएंगे। सिर्फ विदेशी नागरिकों को ही उस सड़क से एयरपोर्ट तक जाने की इजाजत होगी। मुजाहिद ने कहा कि बीते दिनों में जो भी अफगान नागरिक काबुल एयरपोर्ट पर जुटे हैं, उन्हें अपने घर लौट जाना चाहिए। उसने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को तालिबान की तरफ से कोई सजा नहीं दी जाएगी। बता दें कि तालिबान ने अमेरिकी सेना को काबुल से निकलने के लिए 31 अगस्त तक का समय दिया है। इसके चलते काबुल एयरपोर्ट पर देश छोड़ने के लिए जुटने वालों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। तालिबान प्रवक्ता ने आगे कहा, हम आगे अफगान नागरिकों को देश से बाहर ले जाने की इजाजत नहीं देंगे और हम इससे खुश भी नहीं हैं। अफगानिस्तान के डॉक्टरों और अकादमिकों को देश छोड़कर नहीं जाना चाहिए। उन्हें अपनी खूबियों वाले क्षेत्र में काम करना चाहिए।÷ बता दें कि बीते दिनों में अफगानिस्तान छोड़ने वाले ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग हैं।

इसे कहते हैं वक्त: पिज्जा डिलेवर करने को मजबूर अफगानिस्तान के कद्दावर मंत्री

नई दिल्ली। अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा होने के बाद से लोगों के साथ-साथ नेताओं में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में अफगानिस्तान के पूर्व आईटी मंत्री सैयद अहमद शाह सादत भी जर्मनी में शरण लेने को मजबूर हो गए। सादत ने यहां रहने का तो प्रबंध कर लिया लेकिन आर्थिक तंगी ने उन्हें उस काम को करने पर मजबूर कर दिया जिसके बारे में कोई नेता सोच भी नहीं सकता। दरअसल उन्हें यहां रोजी-रोटी चलाने के लिए पिज्जा डिलीवरी करने पर मजबूर होना पड़ा है। दरअसल, अफगान सरकार में संचार मंत्री रहे सैयद अहमद शाह सादत ने तालिबानी कब्जे के बाद ही अफगानिस्तान छोड़ दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वो इस वक्त जर्मनी में हैं और उनकी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं। ईहा न्यूज ने जो तस्वीरें ट्वीट की हैं, उसमें आप देख सकते हैं कि अफगानिस्तान के पूर्व मंत्री अहमद शाह जर्मनी में पिज्जा डिलीवर कर रहे हैं। वे रोजी रोटी चलाने के लिए साइकिल पर पिज्जा डिलीवरी करने को मजबूर हो गए हैं।

उत्तराखंड में तबाही: देर रात देहरादून में फटा बादल

देहरादून। यहां बादल फटने के कारण भारी बारिश हो रही है। यहां पूरा शहर पानी-पानी हो गया है। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा व बचाव के लिए राहत दल पहले ही तैनात किया जा चुका है। मिली जानकारी के मुताबिक देहरादून के संतला देवी मंदिर के पास बादल फटने के कारण विकट स्थिति निर्मित हो गई है। पहाड़ों की मिट्टी व पत्थर बरसने से लोगों की मुसीबत ज्यादा बढ़ गई है। देहरादून में आईटी पार्क में लबालब पानी भर गया है। हालांकि अभी तक जानमाल के ज्यादा नुकसान की खबर नहीं है। देश के कई राज्यों में मानसून अभी भी सक्रिय है और मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश और बिहार को फिलहाल बारिश से राहत मिलती नहीं दिख रही है। यहां 27 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में 26 अगस्त तक बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं बिहार में भी एक बार फिर से भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य में मौसम विभाग ने कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 अगस्त तक उत्तराखंड के कई हिस्सों में भी तेज बारिश हो सकती है।

राणे को अभी भी राहत नहीं: अब नासिक पुलिस ने भेजा नोटिस

मुंबई। राथप्पड़ वाले बयान के मामले में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को जमानत मिलने के बावजूद राहत मिलती नहीं दिख रही है। दरअसल, अब नासिक पुलिस ने राणे को उनके खिलाफ प्राथमिकी के सिलसिले में नोटिस भेजकर दो सितंबर को थाने में पेश होने को कहा है। वहीं सुरक्षा के मद्देजनर मुंबई में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के आवास के बाहर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। बता दें कि राणे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था, जिसके बाद उनके खिलाफ गिरफ्तारी नोटिस जारी कर दिया गया था। कागजी कार्यवाही पूरी कर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद रात को उन्हें रायगढ़ के महाड अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें जमानत दे दी गई। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश ने आधी रात के तुरंत बाद ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर मंगलवार को अपने पिता की गिरफ्तारी को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर हमला बोला। फिल्म रजनीति के एक दृश्य का हिस्सा है और अभिनेता मनोज बाजपेयी को करारा जवाब मिलेगा की चेतावनी देते हुए दिखाया गया है।

बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में बीमा बांड लाने पर विचार

भारतीय उद्योग परिसंघ की चर्चा, निर्मला सीतारमण भी मौजूद

नई दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आज मुंबई में आयोजित एक चर्चा के दौरान वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव एवं सचिव व्यय डॉ टीवी सोमनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में बीमा बांड लाने पर विचार कर रही है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद थीं। आमतौर पर बैंक गारंटी ऋण देते समय मांगी जाती है। इसकी जरूरत गिरवी संपत्ति के तौर पर होती है। एक बीमा बांड भी गारंटी की ही तरह है, लेकिन इसके लिए किसी प्रकार के कोलैट्रल की आवश्यकता नहीं होती। मालूम हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुंबई दौरे का आज दूसरा दिन है। टीकाकरण की गति बढ़ने पर डॉ सोमनाथन ने कहा कि सरकार खरीद को लेकर बहुत सक्रिय है, यहां तक कि खरीद दिशानिर्देशों में ढील भी दी गई है। कुछ बाधा आपूर्ति पक्ष में थी, जिसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा, क्योंकि अब नए टीके उपलब्ध हैं। संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार संपत्ति सृजित करने वालों पर भरोसा करती है। इस दौरान वित्त मंत्री ने भारत की अपनी इक्विटी पूंजी बनाने के लिए सरकार और उद्योग जगत के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। सीतारमण ने इसकी भी पहचान करने पर जोर दिया कि कैसे उभरते क्षेत्र और स्टार्ट-अप्स भारत के भविष्य को बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं तथा कैसे सरकार उन्हें इसमें मदद कर सकती है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह सरकार सुनने, काम करने और जवाब देने में विश्वास रखती है और हरसंभव सहयोग देगी। वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव श्री तरुण बजाज ने उल्लेख किया कि राजस्व विभाग स्टार्ट-अप्स के कर संबंधी मुद्दों पर काम कर रहा है और इस पर उद्योग जगत से इनपुट मांगे गए हैं।

मंत्री के भतीजे की धमकी से शोरूम बंद? लगा पोस्टर

सागर। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह के भतीजे सिद्धार्थ सिंह ठाकुर को लेकर इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है। पोस्ट में सागर के मकरोनिया स्थित एक कार शोरूम के बाहर टांगा गया बैनर दिखाया गया है। इस पर शोरूम संचालक संतोष खोटे के हवाले से लिखा गया है कि मंत्री के भतीजे की धमकियों के कारण शोरूम बंद रखा गया है। ग्राहकों को इस असुविधा के लिए खेद है। बैनर पर संचालक का मोबाइल नंबर भी है। हालांकि इस पोस्ट के वायरल होने के बाद जब शोरूम पर पहुंचकर देखा गया तो वहां बैनर नहीं था। इधर इस मामले में गोपालगंज निवासी संतोष दुबे ने रात 11 बजे बहेरिया थाना में शोरूम संचालक के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करवाया है।

सलमान को रोकने वाले जवान को मिला ईनाम

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को मुंबई एयरपोर्ट पर रोकने वाले जवान को ईनाम मिला है। इस जवान ने सलमान के विदेश जाने से पहले सिक्योरिटी चेक के लिए उन्हें रोका था और जांच के बाद जाने दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था और लोगों ने इस जवान की खूब तारीफ की थी। जवान के साथ ही सलमान की भी तारीफ हुई थी क्योंकि उन्होंने इस चेकिंग में पूरी तरह से पुलिस की मदद की थी। हालांकि इस घटना के बाद कई ऐसी खबरें भी वायरल हुई थी, जिनमें कह गया था कि इस जवान पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन के आरोप लगे हैं।

अजब-गजब

कन्याकुमारी नहीं, ये है भारत का सबसे आखिरी पॉइंट

वेब डेस्क। अगर आप से ये सवाल पूछा जाए कि भारत का सबसे दक्षिणतम बिंदु कौन सा है? तो अधिकतर लोगों का उत्तर होगा कन्याकुमारी। हालांकि ये उत्तर गलत है। आपको बता दें कि भारत का सबसे दक्षिणतम बिंदु इंदिरा पॉइंट है। ये भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अंतर्गत आने वाले निकोबार जिला और ग्रेट निकोबार के आधीन आता है। प्रशासनिक स्तर पर अगर देखा जाए तो इंदिरा पॉइंट लक्ष्मी नगर पंचायत के अंतर्गत आता है। इंदिरा पॉइंट भारत का सबसे दक्षिणतम हिस्सा है। भारत की सामरिक, कूटनीतिक और सुरक्षा की दृष्टि से इस स्थान का काफी खास महत्व है। इस जगह पर जहाजों को रास्ता दिखाने के लिए एक लाइट हाउस भी है, जिसकी शुरुआत साल 1972 में की गई थी। ये भारत के रास्ते मलेशिया या मलक्का स्ट्रेट की तरफ जाने वाले जहाजों को रास्ता दिखाता है। इस बिंदु का नाम भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर पड़ा था। इंदिरा पॉइंट पर कैंपबेल खाड़ी में एक छोटा सा गांव स्थित है। इस गांव को मिनी पंजाब के नाम से जाना जाता है। इस जगह पर एक गुरुद्वारा भी है। आपको बता दें कि इंदिरा पॉइंट पर स्थित कैंपबेल खाड़ी को भारत के सबसे रहस्यमय स्थानों में गिना जाता है। 2011 की जनगणना रिपोर्ट की मानें तो यहां पर केवल 4 परिवार ही रहता है, जिनकी कुल सदस्यों की संख्या 27 है। कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से ये जगह भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। शुरुआत में इस जगह को पिग्मेलियन पॉइंट के नाम से जाना जाता था। वहीं जब 1984 में इंदिरा गांधी की मृत्यु हुई, तो इस जगह का नाम बदलकर इंदिरा पॉइंट रख दिया गया। इस जगह की साक्षरता दर 85 प्रतिशत है। व्यापारिक, कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने की वजह से यहां पर बड़ी मात्रा में सैनिक तैनात रहते हैं। भगवान राम से जुड़ी एक पौराणिक कथा भी यहां पर प्रचलित है। इस जगह से बंगाल की खाड़ी काफी शांत दिखती है। वहीं मन्नार की खाड़ी में काफी तेज लहरें उठती हैं। मान्यता है कि जब भगवान राम ने लंका में जाने के लिए समुद्र से रास्ता मांगा तो उसने भगवान को रास्ता दिखाने से मना कर दिया इसके बाद भगवान क्रोधित हो उठे और अपना धनुष बाण उठा लिया। इसे देख समुद्र ने अपनी गलती के लिए भगवान राम से क्षमा मांगी और उन्हें रास्ता दिखाया। उसी समय से एक तरफ का समुद्र शांत है और दूसरी तरफ में काफी विशाल लहरें उठती रहती हैं।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 25 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

सिंधी समाज की महिलाओं ने मनाया तिजड़ी पर्व

आज सिंधी समाज की तिजड़ी का पूजन कार्यक्रम बरही रोड स्थित पंडित दिनेश शर्मा के निवास पर किया गया। इस अवसर पर नीलम जगवानी, पुष्पा तनवानी, नेहा ठेहलानी, मधु लाहोरानी, राधा रोहरा, मिष्टि ठहलानी, मीता तेहलानी, डॉ पूनम बजाज, वृन्दा शर्मा, जयश्री शर्मा सहित अन्य महिलाओं की माजूदगी रही।

माता को चढ़ाया काले तिल व हरे मूंग का जव, पति के लिए की दीर्घायु की कामना

कटनी। कोरोना काल में सब कुछ ऑनलाइन चल रहा है। लोग अपने घरों में सुरक्षित रहकर ही इस बार सभी पर्वों को सादगीपूर्ण के साथ मना रहे हैं। शुक्रवार को सिन्धी समाज की महिलाओं ने ट्रीजड़ी (तीजा) पर्व पर ट्रीजड़ी माता का व्रत रखकर स्थापना की और कथा सुनकर ट्रीजड़ी (तीजा) पर्व को मनाया। ट्रीजड़ी (तीजा) पर्व की शुरुआत सुबह के आयोजनों से हुई। इसके अंतर्गत महिलाओं ने काले तिल, हरे मूंग और जव से ट्रीजड़ी माता की स्थापना की। महिला सदस्यों ने बताया कि काला तिल ट्रीजड़ी माता का और हरा मूंग हरियाली का व जव जो है दीर्घायु एवं उन्नति का प्रतीक है। सिन्धी समाज हाउसिंग बोर्ड की सुहागन महिलाओं ने ट्रीजड़ी (तीजा) पर्व को इस वर्ष कोविड 19 के बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए लॉकडाउन व शासन प्रशासन के नियमों के अनुसार मनाया। सिंधी समाज की महिलाओं ने इस बार घर में तो किसी ने ब्राह्मण के घर जाकर मनाई तीज का पर्व। झूला बनाकर माता को झुलाया, पति की दीर्घायु और उन्नति के रखा व्रत रखकर घरों में ही ट्रीजडी माता की पूजा-अर्चना किया।

सिन्धी समाज की महिलाओं ने ट्रीजड़ी माता की स्थापना वृत रखकर किया पूजन अर्चन

माता पर चढ़ाया मीठा जल, झूले में विराजित किया

स्थापित की हुई ट्रीजड़ी माता को झूले में विराजित कर महिलाओं ने मंत्रोच्चार के साथ माता पर मीठा, जल चढ़ाकर झूला झुलाया गया। संध्याकाल के आयोजनों में ट्रीजड़ी माता को झूले से उतारकर बीच में स्थापित करके भक्तों ने अपने परिवारों के साथ ट्रीजड़ी पर्व की कथा सुनी।

जानिए क्या है इस तीज पर्व और व्रत का महत्व

बताया जाता है कि एक बार एक महिला ने ट्रीजड़ी का व्रत रखा था। तो उसके कष्ट से व्यथित भाई ने नकली चांद के दर्शन को अर्ध्य दिलाकर अपनी बहन का व्रत तोड़ दिया था। जिससे उसके पति की मृत्यु हो गयी थी। फिर उस महिला ने एक साथ तक विधि विधान से सेवा की और अगले साल पति को जीवीत किया।

उत्साह के साथ मनाया गया तीज का पर्व

सिंधी समाज की महिलाओं ने बड़े ही धूम धाम से एवं उत्साह पूर्वक अपने घरों में रहकर ट्रीजडी पर्व मनाया। रात को चांद निकलने के बाद सभी महिलाओं ने चन्द्र दर्शन के बाद अपना व्रत समाप्त किया एवं भोजन ग्रहण किया। समाज की पदाधिकारियों ने बताया कि इस पर्व कि बड़ी ही महानता है। इस पर्व में महिलाएं अपने घरों में एक नया पौधा उगती है एवं उसकी भी पूजा अर्चना करती हैं। ट्रीजडी के अवसर पर सिंधी समाज की महिला इकाई भारतीय सिंधु सभा महिला विंग, दुर्ग शहर द्वारा प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

अंतत : उमरियापान बीएमओ का तबादला

न हटाने पर कांग्रेस ने दी थी उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी

उमरियापान। उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ विवादित बीएमओ डॉ. सुनील पाराशर पर तबादला की गाज गिर ही गई। जून माह में बीएमओ ने उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का पदभार संभाला था, तभी से ड्यूटी में घोर लापरवाही बरतने के कारण सुर्खियों में बने थे। बीएमओ को उमरियापान स्वास्थ्य केंद्र का पदभार संभाले 3 माह ही हुए थे। इस दौरान अगस्त माह में ही 3 मामले ऐसे सामने आए की स्वास्थ्य केंद्र में ही भारी वाद विवाद की स्थिति बनते दिखी थी। पहला मामला शाहडार के जंगल में एक युविती की लाश मिली थी। जिसका पीएम उमरियापान में न करके बीएमओ ने शव परीक्षण के लिए कटनी रिफर कर दिया था। दूसरा मामला पिंडरई गांव के एक युवक की मौत होने पर उसका भी पीएम उमरियापान में न करके बीएमओ ने शव परीक्षण के लिए जबलपुर रिफर कर दिया था। इसी तरह कुछ दिन पहले एक युवक ने किसी कारण से जहर का सेवन कर लिया था। जिसको परिजन गंभीर हालत में उमरियापान स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे लेकिन बीएमओ ने युवक का इलाज करने आना तो दूर स्टाफ सहित किसी का भी फोन तक नहीं उठाया था। इन्हीं घटनाओं को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश था। कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी मोर्चा संभाला था और बीएमओ को न हटाने पर शासन प्रशासन को उग्र विरोध, प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। वहीं कांग्रेस विधायक बसंत सिंह ने भी जिले के अधिकारियों को पत्र लिखकर विवादित बीएमओ को जल्द हटाने की मांग की थी। आखिरकार उमरियापान बीएमओ सुनील पाराशर का स्थानांतरण ग्वालियर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैहट कर दिया गया है।

कई विवादित रिकार्ड दर्ज करा चुके थे बीएमओ

न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.

क्रमांक/246/प्रवा. वि. अधि./2021 कटनी, दिनांक- 11-08-2021

द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिए)

विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रूपेश कुमार जैन पति/पिता श्री राजेन्द्र जैन (अविवाहित) उम्र लगभग 54 वर्ष निवासी महात्मा गांधी वार्ड 130 पाण्डेय गली मुड़वारा जिला कटनी एवं आवेदिका मंजु जैन पिता विजय कुमार जैन (अविवाहित) उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम बचैया तहसील सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र. वर्तमान पता महात्मा गांधी वार्ड 130 पाण्डेय गली मुड़वारा जिला- कटनी म.प्र. द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपए चालान क्रमांक 53 दिनांक 03.08.2021 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1983 की धारा - 5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक को पूर्वान्ह तक स्वंय या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपित्त पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

आगामी तिथि- 30/09/2021

(रोमानस टोप्पो), अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)

नहीं लगा आराम तो जबलपुर किया रिफर, डॉक्टर को बर्खास्त करने बजरंगियों ने घेरा जिला अस्पताल, रुपये ऐठने का लगाया आरोप

जिला अस्पताल में पहुंची मरीज को निजी क्लीनिक में बुलाकर 40 हजार का किया इलाज

कटनी। जिला अस्पताल में पदस्थ सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. आर बी सिंह पर एक गरीब महिला जो कि जिला अस्पताल में भर्ती थी, उसका ही उपचार करने के नाम पर निजी क्लीनिक बुलाकर 40 हजार रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। बीमारी ठीक नहीं कर पाने के बाद जबलपुर रिफर कर दिया गया है। इसके विरोध में बजरंग दल ने मंगलवार को जिला अस्पताल का घेराव किया। जमकर नारेबाजी की। इस बीच सिविल सर्जन डॉ. यशवंत शर्मा, कोतवाली प्रभारी अजय सिंह मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल दुबे, नगर संयोजक मनीष दुबे, इद्र मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता दोपहर में जिला अस्पताल के मुख्य द्वार में बैठकर कुछ समय के लिए मार्ग रोक दिया और अस्पताल, डॉक्टर के विरोध में नारेबाजी करते रहे। बजरंगियों व पीड़ित महिला राधा बाई ठाकुर निवासी भट्टा मोहल्ला ने आरोप लगाया है कि सरकारी डॉक्टर खुद का निजी अस्पताल खोलकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीजों को अपने निजी अस्पताल में ले जाते हैं। जहां पैसे ऐंठने के बाद छोड़ देते हैं। उन्हें मरीज की बीमारी से कोई लेना देना नहीं। राधा ठाकुर का आरोप है कि पेट दर्द की बीमारी से परेशान होकर जिला अस्पताल में पहुंची। जहां सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. आर बी सिंह ने कहा कि यहां इलाज नहीं हो पाएगा। निजी क्लीनिक में 40 हजार लेकर ऑपरेशन किया लेकिन पीड़ित को छुटकारा नहीं मिला। वह दोबारा जिला अस्पताल डॉक्टर सिंह के पास पहुंची तो उसे सीधे जबलपुर रिफर कर दिया गया। महिला का कहना है कि उसे लगातार तकलीफ बढ़ रही है, उसे यदि दिक्कत हुई तो बच्चों का क्या होगा। बजरंग दल ने आरोप लगाया है कि जिला अस्पताल में पदस्थ अधिकांश डॉक्टर निजी क्लीनिक संचालित हैं जो शासन के निर्देशों के विपरीत है। गरीब मरीजों को परेशान किया जा रहा है। वहीं सीएस डॉ. यशवंत वर्मा ने मामले की जांच कराने की बात कही है।

चौकीदार की नौकरी करते मिला चोरी व नकबजनी का वर्षों से फरार आरोपी

न्यायालय ने जारी किया था स्थाई गिरफ्तारी वारंट, कैमोर पुलिस को मिली सफलता

कटनी। कैमोर पुलिस को 28 वर्ष पूर्व चोरी व नकबजनी के मामले में फरार चल रहे स्थाई वांरटी को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने उसे फरारी के दौरान सब्जी मंडी में चौकीदार की नौकरी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि कैमोर की पन्हाई कालोनी निवासी 45 वर्षीय मोहन पिता भीम बहादुर गुरूंग सन 1993 में चोरी व नकबजनी का मामला दर्ज हुआ था, तभी से वह फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में प्रयास किए जा रहे थे। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और मोहन गुरूंग सब्जीमंडी में चौकीदार की नौकरी करते हुए पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मोहन गुरुंग के विरुद्ध एक अन्य मारपीट के मामले में भी माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

विगत कई सालों से फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ने में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के साथ प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक सनिल स्वर्णकार, शिव पटेल व चंद्रभान विश्वकर्मा की ूमिका रही।

घर से बिना बताए लापता किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे में खोज निकाला

स्लीमनाबाद व बिलहरी चौकी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

कटनी। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सुनाई से घर से बिना बताए लापता एक 16 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने 24 घंटों के अंदर दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के हवाले किया है। किशोरी के लापता होने की जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद व कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया और मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुनाई निवासी अमृतलाल पटेन की 16 वर्षीय पुत्री वर्षा पटेल गतदिवस बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो वर्षा के चाचा परमानंद पटेल ने इसकी सूचना स्लीमनाबाद पुलिस को दी। वर्षा के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की और वर्षा के मोबाइल को सर्विलांस में डाला। इसी बीच वर्षा के मोबाइल की लोकेशन बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र में मिली। जिसके बाद स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने तत्काल इसकी सूचना बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल को दी। बताया जाता है कि सूचना मिलते ही बिलहरी पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर वर्षा को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। बाद में वर्षा को सुकुशल परिजनों के हवाले किया गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में वर्षा को दस्तयाब करने में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे, बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल, उपनिरीक्षक मंजू पटेल, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गा दत्त मिश्रा, प्रधान आरक्षक रमाकांत, आरक्षक संतोष, विकास, संदीप, दिलकेश्वर की भूमिका रही।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

कार्यालय जल संसाधन संभाग कटनी (म.प्र.)

विज्ञप्ति क्रमांक 2236 व.ले.लि./2020 **शासकीय पत्थर नीलामी हेतु विज्ञप्ति (द्वितीय काल)** कटनी दिनांक :-17/08/2021

देवरी हटाई जलाशय के वेस्ट वीयर एवं नहरों की तथा मगरेहटा जलाशय की नहर की खुदाई से प्राप्त हुई हार्ड राक की सार्वजनिक रूप से नीलामी की जाना है योजनाओं के निर्माण में उपयोग के पश्चात अतिरिक्त हार्ड राक वेस्ट वीयर एवं नहर के किनारे पड़ी हुई जिस प्रकार की है और जैसी भी स्थिति में क्रेतागण उसका पूर्ण अवलोकन कर नीलामी में सम्मिलित हो सकते है।

विक्रय हेतु उपलब्ध हार्ड राक की आधार दर रुपये 105/- अंकन (एक सौ पाँच रु.) प्रति घन मीटर न्यूनतम निर्धारित है तथा रायल्टी चार्ज नियमानुसार कार्यालय उप संचालक खनिज विभाग कटनी में अलग से जमा करना होगा। अधिकतम बोली को प्राथमिकता पर स्वीकार किया जावेगा।

नीलामी हेतु निर्धारित विवरण

स.क्रं.	ग्रुप क्रं.	जलाशय का नाम	जहाँ पत्थर है (लोकेशन)	हाईराक की मात्रा	विभागीय सी.एस. आर.दर	नीलामी का न्यूनतम राशि	नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित एफ.डी.आर की राशि
1.	अ	देवरी हटाई	बेस्ट वीयर एवं मुख्य नहर के पास	1416.17 घ.मी.	105/- प्रति.घन मीटर	148698/-	3000/-
2.	ब	मगरेहटा	मुख्य नहर एल.बी.सी. के पास	280.50 घ.मी.	105/- प्रति.घन मीटर	29453/-	600/-

नीलामी स्थल :- कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग कटनी

नीलामी का दिनांक :- 17/09/2021

नीलामी की शर्ते :- 1. ग्रुप अ एवं ब की नीलामी सांय 4 बजे से प्रारंभ कर 05 :00 बजे सामाप्त कर दी जावेगी।

2. नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित राशि की एफ.डी.आर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग कटनी के नाम दिनांक 16/09/2021 तक कार्यालयीन समय में वरिष्ठ लेखा लिपिक के पास जमा करेगें तभी नीलामी हेतु पात्रता होगी।

3. नीलामी राशि की 25 प्रतिशत राशि एडवांस जमा करने के उपरांत तथा खनिज विभाग में रायल्टी जमा कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद उसके मूल्य के बराबर पत्थर की मात्रा उठाने की पात्रता होगी इसी तरह क्रमश : अगली मात्रा उठाने हेतु करना होगा।

4. नीलामी में किसी तरह का परिवर्तन तथा निरस्त करने के समस्त अधिकार कार्यपालन यंत्री को होगे। समस्त कार्यवाही निर्धारित शर्तो के अंतर्गत ही संभव होगी।

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग कटनी (म.प्र.)

जी.- 16094/21 **दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी**

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

तत्परता से निपटाएं सभी भुगतान

परिजनों ने माना कोषालय का आभार, कार्यालय को भेंट की चेयर

कटनी। शासकीय सेवक की सेवा के दौरान मृत्यु के बाद उनके परिजनों को भुगतान के लिए परेशान न होना पड़े, इसको लेकर जिला कोषालय में तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में उपयंत्री की कोरोनाकॉल में हुई मृत्यु के बाद जिला कोषालय ने शासकीय सेवक के स्वायत्तों का जल्द से जल्द भुगतान कराया। मृतक शासकीय सेवक के परिजनों ने जिला कोषालय में आने वाले लोगों के बैठने के लिए दो तीन सीटर चेयर भेंटकर उनका आभार माना। जल संसाधन विभाग में पदस्थ रहे उपयंत्री जीडी कोरी की कोरोना काल में 8 अप्रैल को मृत्यु हो गई थी। श्री कोरी की मृत्यु के बाद वेतन निर्धारण को लेकर कुछ पेंच थे, जिसे वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एसबी भदौरिया ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जेपी बघेल के साथ बैठकर निराकृत किया और एक दिन में वेतन निर्धारण कराया। साथ ही उनके समस्त स्वायत्तों का भुगतान समय पर कराते हुए परिजनों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित 4 लाख 50 हजार रूपये का अतिरिक्त लाभांश भी दिलाया गया। श्री कोरी के बेटे नीरज कोरी ने मंगलवार को कोषालय पहुंचकर आने वाले आंगतुकों के बैठने के लिए तीन सीटर क्षमता की दो चेयर अपने पिता की स्मृति में भेंट की। इस दौरान जिला कोषालय परिवार की ओर से वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एसबी भदौरिया ने परिजनों का सम्मान भी किया।

वर्ष 2012 से लंबित प्रकरण भी कराया निराकृत

जल संसाधन विभाग के ही एक अन्य मृत कर्मचारी के वर्ष 2012 के प्रकरण को जिला कोषालय विभाग ने तत्परता से निराकृत कराया है। जल संसाधन विभाग के शासकीय सेवक बीपी मेहरा की सेवा के दौरान मृत्यु हुई थी। वर्ष 2012 से प्रकरण में भुगतान संबंधी निराकरण नहीं हो पा रहे थे। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन था। इस बीच मृत शासकीय सेवक की पत्नी निशा मेहरा का अनुकंपा नियुक्ति तक मिल गई। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एसबी भदौरिया व जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जेपी बघेल ने बैठकर पूरे प्रकरण का निराकरण कराया और वर्ष 2012 से मृत शासकीय सेवक के स्वायत्तों का भुगतान कराया गया।

टीकाकरण केन्द्रों की कराई गई मुनादी

कटनी। कोविड -19 टीकाकरण महाअभियान के तहत दिनांक 25 एवं 26 अगस्त को निगर के चिन्हित 15 टीकाकरण केन्द्रों में आयोजित होनें वाले टीकाकरण महाअभियान का लाभ नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को प्राप्त हो सके इस हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशान में निगम के वाहनों के माध्यम से प्रसार प्रसार एवं मुनादी का कार्य कराया जा रहा है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम के अतिक्रमण वाहनों सहित कचरा वाहनों के माध्यम से नगर के विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों के आसपास की बस्तियों सहित सार्वजनिक स्थलों में आयोजित टीकाकरण केन्दों की जानकारी प्रदाय की जाकर टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर वेक्सीनेशन करानें की अपील की गई।

ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द में टीकाकरण

कटनी। ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द में कोरोना से बचाव हेतु वृहद स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम की मुनादी, प्रचार-प्रसार गली और मोहल्ले में जाकर किया गया। लोगों को अधिक से अधिक संख्या टीकाकरण कराने की अपील की गई। इस अवसर पर माधुरी भूषण पाठक सरपंच, आशीष, पंच श्यामलाल, राजेश जार, कृष्ण कुमार गुप्ता, कान्हा जार, राजेश रजक, पंखी बाई, आशी जार, अंशू जार, मंजू जार आंगनवाड़ी सहायिका पुष्पलता पाठक आदि मौजूद रहे।

हरित सुंदरी प्रतियोगिता में सुंदर प्रस्तुतियां, अंजलि प्रथम, अनीता द्वितीय स्थान पर

कटनी। महिला बाल विकास एवं समाज सेवा को समर्पित संस्था द्वारा हरित सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिवस गया। संस्था अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव की अध्यक्षता, डॉ प्रतिमा रमन के मुख्यातिथ्य में तथा डॉ नुजहत सिद्दीक़ी, अनामिका मिश्रा द्विवेदी संस्था संरक्षिका श्रीमती सावित्री चौहान की विशिष्ट उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती का पूजन वंदन किया गया। सरस्वती वंदना और स्वागत नृत्य की बहुत ही सुंदर मनहर प्रस्तुति श्रीमती नीतू गुप्ता और दीपाली गुप्ता, के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में हरित सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही शानदार तरीके से किया गया और इसमें उत्साही सुदर्शनाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हरित सुंदरी प्रतियोगिता की प्रस्तुति शानदार थी। प्रतियोगिता के परिणाम के अनुसार अंजली सोनी प्रथम, सुनीता कनकने द्वितीय, अनीता वैश्य द्वितीय कल्पना कोटक, तृतीय सीमा नाहर, तृतीय गीता पांडेय, सांत्वना कार्यक्रम प्रभारी, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्रीमती दीपाली गुप्ता, निर्णायक मंडल की सदस्य डॉ नुजहत सिद्दीकी एवं श्रीमती अनामिका मिश्रा द्विवेदी रहीं।

ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी आध्यात्मिक राखी

कटनी। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाईन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कलेक्टर प्रियंक मिश्र एसडीएम बलबीर रमण सहित अन्य प्रशासकीय अधिकारियों को आत्मस्मृति का तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शिव संदेश देकर जिला जेल में बंदियों को आध्यात्मिक राखी बांधी बीके लक्ष्मी बहन ने बंदियों को अच्छाई ग्रहण करने एवं अवगुणों को छोड़ने का संकल्प दिलवाते हुए परमात्मा शिव का परिचय देकर उन्हें उनकी रक्षा कवच को धारण करने के लिए प्रेरित कियाए साथ ही उन्हें विकारों को त्याग कर पावन बनने की राजयोग की शिक्षा दी। शुरुआत जेल अधीक्षक लीना कोस्टा सुजीत खरे को रक्षा सूत्र बांधकर की गई तत्पश्चात कतारबध्द जेल में उपस्थित कैदियो को रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में दुर्गा बहन सुमन बहन ज्योति सहित अन्य बहनों की उपस्थिति रही।

अस्पताल को भेंट की व्हीलचेयर

कटनी। प्रतिष्ठित नागरिक स्व. सुरेंद्र श्याम सचदेवा की जन्म जयंती पर उनकी धर्मपत्नी मीना सचदेवा एवं परिवारजनों द्वारा शासकीय चिकित्सालय में व्हीलचेयर प्रदान की गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

टीकाकरण केन्द्रों में सफाई के साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव

कटनी। निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नगर की सफाई व्यवस्था हेतु निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पन्ना मोड के मुख्य मार्ग एवं सब्जी मंडी के डिवाइडर के दौनों ओर की धूल मिट्टी की सफाई, गल्ला मंडी के सामनें मुख्य मार्ग की सफाई, मिशन चौक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे के डिवाइडर की सफाई गरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार रामलीला मैदान में सफाई कार्य कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड की विभिन्न गलियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, बाबा नारायण शाह वार्ड मुख्य मार्ग, मानसरोवर कॉलोनी में मुख्य मार्ग के किनारे की झाडियों की कटाई सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वेक्सीनेशन महाअभियान हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में चला विशेष सफाई अभियान। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 25 एवं 26 अगस्त को आयोजित होनें वाले कोरोना वेक्सीनेशन महाअभियान हेतु नगर के चिन्हित 15 टीकारण केन्द्रों कृषि उपज मंडी पहरूआ, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, जालपा देवी वार्ड सामुदायिक भवन की सफाई एवं धुलाई, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, पुरानी कचहरी, रसकला संगीत महाविद्यालय, शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी, शासकीय प्राथमिक शाला पडरवाडा सहित नगर के अन्य टीकाकरण केन्द्रों के आसपास नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए साफसफाई एवं कीटनाशक दवा का छिडकाव कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई एवं पानी निकासी की सुगमता हेतु जालपा देवी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल के पास वाले नाले की सफाई कावस जीवार्ड भट्टा मोहल्ला गढडा टोला मलिन वंशकार बस्ती सहित अन्य स्थलों की नालियों, डन कॉलोनी स्थित सोनी जी के घर के पास की नालियों, फारेस्टर वार्ड स्थित एम्बुलेंस रोड तथा रजक गली की नालियों की सफाई सहित अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई की जाकर अपशिष्ट को उठाया गया।

वैक्सीनेशन का महायज्ञ

टीकाकरण से कोई वंचित न हो- देवड़ा, प्रभारी मंत्री ने पुरानी कचहरी स्थित वैक्सीन सेंटर का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

कटनी। कोविड से प्रदेश को बचाने संपूर्ण टीकाकरण के लिए मुख्यमंत्री की अगुवाई में महाअभियान चलाया जा रहा हैं। कोई भी व्यक्ति टीका से वंचित न रहे और दोनों डोज अनिवार्य से सभी को लगें। जो वैक्सीनेशन के लिए अभी भी बाहर नहीं निकल रहे हैंए ऐसे लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण कराने के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है। यह बात प्रदेश सरकार के वित्तए वाणिज्यक करए योजना एवं सांख्यिकीय मंत्री व जिले प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने 25 व 26 अगस्त को वैक्सीनेशन के लिए चलाए जा रहे महाअभियान के दौरान पुरानी कचहरी स्थित वैक्सीनेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान कही। श्री देवड़ा ने कहा कि पूरे महाअभियान में लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाएं सभी लोग काम कर रहे है।

उन्होंने कहा कि सबको वैक्सीनेशन कराने का प्रयास है और इसके बाद भी लोग बचते हैं तो शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए आगे भी प्रयास होंगे। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने सेंटर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केन्द्र में छाया और पीने के पानी आदि की व्यवस्था पूरे समय कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने टीकाकरण केन्द्र में वैक्सीन लगवाने आए लोगों से भी चर्चा की और अपने साथ ही अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने की बात लोगों से कही। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उसके बाद टीकाकरण केन्द्र और टीका लगवाने आने वालों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सेंटर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। केन्द्र में लोगों की सुविधा के लिए स्थापित सांसद सहायता केन्द्र की भी व्यवस्था प्रभारी मंत्री ने देखी।

तिलक कॉलेज केन्द्र का भी किया निरीक्षण

जिले के प्रभारी मंत्री ने पुरानी कचहरी के साथ ही शहर के शासकीय तिलक कॉलेज परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मां सरस्वती का पूजन किया और उसके बाद टीकाकरण आने आए लोगों से संवाद किया। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोगों से पहले डोज के बाद दूसरा डोज अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की। श्री देवड़ा ने केन्द्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

मझगवां तथा बड़वारा पहुंचे प्रभारी मंत्री

जिले में 2 दिवसीय महा वेक्सीनेशन अभियान का आज प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने शुभारम्भ करते हुए वेक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंच कर जायजा लिया। इसी क्रम में ग्राम मझगवां तथा बड़वारा के वेक्सीनेशन सेंटर पहुंचे प्रभारी मंत्री ने लोगों लोगों का उत्साह वर्धन किया। प्रभारी मंत्री वेक्सीनेशन रथ के बारे में जानकारी लीए केंद्रों में पहुंचकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

वैक्सीनेशन मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कोरोना महामारी से बचाव को लेकर प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री संभावित तीसरी लहर को लेकर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने और अधिक से अधिक लोग वैक्सीन लगवाएं इसको लेकर दिन.रात काम कर रहे हैं। वैक्सीनेशन को लेकर दो दिन का महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए जिले में प्रदेश सरकार के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा स्वयं नजर बनाए रखने और अधिक से अधिक लोग वैक्सीन लगवाएं इसको लेकर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। बुधवार की सुबह प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने माधवनगर सर्किट हाउस से वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गईं दो वैक्सीन मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि कोरोना जैसी महामारी से बचाव के लिए सबसे मजबूत कवच टीकाकरण ही है और उसके दो डोज सभी लेकर प्रदेश सरकार द्वारा बीमारी से लड़ने किए जा रहे प्रयासों को सार्थक बनाए। साथ ही खुद को अपने परिवार को भी सुरक्षित करें। प्रभारी मंत्री ने लोगों से वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाने की भी अपील की। इस दौरान मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री अलका जैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

शहर में भ्रमण कर किया जाएगा टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉण् समीर सिंघई ने बताया कि रवाना की गई दो वैक्सीन मोबाइल वैन शहर में दो दिन तक शहर में भ्रमण करेंगी और अलग.अलग स्थानों पर रूककर टीकाकरण किया जाएगा। जिससे लोगों को उनके घरों के नजदीक ही सुविधा मिलेगी। दो वैन में दो.दो स्टॉफऔर 400 टीके के डोज उपलब्ध कराए गए हैं। डॉण् सिंघई ने बताया कि मोबाइल वैन के अलावा फारेस्टर प्लेग्राउंड और होमगार्ड मैदान में भी एक.एक वैन खड़ी कर टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

पहाड़ की खोह में छिपे थे हत्या के आरोपी

रातभर घेराबंदी के बाद पुलिस ने सुबह किया गिरफ्तार, शराब पीने से मना करने पर कर दी थी हत्या

कटनी/रीठी। रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम ललितपुर में शराब पीने से मना करने पर 3 लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पास में ही स्थित जंगलों में जाकर छिप गए। जहां पुलिस ने घेराबंदी कर 12 घन्टे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बांधा के आश्रित ग्राम ललितपुर में रक्षाबंधन के दिन 22 अगस्त की रात 40 वर्षीय हल्लू पिता गोली आदिवासी रात करीब साढ़े 9 बजे घर जा रहा था। तभी पड़ोसी दीपचंद आदिवासी ने उसे शराब पीने के लिए बुलाया। हल्लू ने शराब पीने से मना कर दिया। नाराज दीपचंद अपने घर गया और वहां से घसीला आदिवासी, राजकुमार आदिवासी के साथ डंडा, बरछी लाकर उस पर टूट पड़े। बरछी सीने में लगने की वजह से वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल हल्लू को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल रवाना किया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के आधे घंटे के अंदर ही घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस को खबर मिली कि आरोपी पहाड़ में जाकर छिपे हैं। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी पुलिस टीम के साथ पहाड़ की घेराबंदी की। अंधेरा होने की वजह से पुलिस आरोपियों को पकड़ने में विफल रही लेकिन रात भर पुलिस टीम घेराबंदी कर पहाड़ में रुकी और सुबह का उजाला होते ही आरोपियों को पुलिस ने पहाड़ की खोह से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक मृतक हल्लू आदिवासी का विवाद 3 वर्ष पूर्व दीपचंद के साथ हुआ था और मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इस बीच अचानक शराब पीने के प्रस्ताव को सुनकर हल्लू ने पुरानी रंजिश का हवाला देकर शराब पीने से मना कर दिया और इसी वजह से उसकी हत्या की गई। वहीं एक जानकारी यह भी मिली है कि गांव में कच्ची शराब का निर्माण होता है जिसकी वजह से आए दिन झगड़े होते हैं। हत्या भी उसी शराबखोरी के चलते हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी में रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारीए, एएसआई श्याम सिंह, नरेंद्र बघेल, बालगोविंद प्रजापति, प्रधान आरक्षक जय चंद, भोले शंकर हल्दकार, भोला गुप्ता की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पुलिस टीम को 5000 रुपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

हाइवे पर किन्नरों का आतंक

वाहन चालकों से करते हैं वसूली, कार्रवाई से परहेज कर रही पुलिस

कटनी। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से गुजरने वाले वाहन चालकों को किन्नर परेशान करते हैं। उनसे वसूली करते हैं। मना करने अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित सोशल मीडिया पर पुलिस से कंप्लेन भी करते हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। अब भी हालात जस के तस हैं। चाका से पीरबाबा के बीच में किन्नर वसूली का कार्य करते हैं। यह आटो में शहर के अलग-अलग इलाकों से आते हैं। इसके बाद यह वाहन चालकों से वसूली का खेल शुरू कर देते हैं। ऐसे में पुलिस और प्रशासनिक गाड़ियों से दूर ही रहते हैं जबकि प्राइवेट वाहनों से वसूली की जाती है। वाहन चालकों से वसूली करने वाले किन्नरों के सॉफ्ट टारगेट पर अक्सर महिलाएं ही रहती हैं।

चाका-पीरबाबा बायपास मार्ग के बीच में बने टोल नाका पर वाहनों के रूकते ही किन्नरों की वसूली का खेल शुरू होता है। कई बार वाहनों को रोककर उन पर चढ़ जाते हैं। जब रुपए नहीं मिलते, वाहन को आगे नहीं बढ़ने देते हैं। कार के शीशे को तेजी से पीटते हैं, दहशत के चलते वाहन चालकों को उनको रुपए देने पर मजबूर हो जाती हैं।

सख्त कदम उठाने की दी सलाह

किन्नरों की बेजा वसूली से परेशान हाइवे के वाहन चालकों ने कटनी पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है। वाहन चालकों का कहना है कि उनके द्धारा पुलिस से शिकायत भी की जाती है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वाहन चालकों ने किन्नरों के विरूद्ध सख्त कदम उठाकर कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

हाइवे पर वसूली करने वाले किन्नरों की धरकड़ के लिए अभियान चलाया जाएगा। इनको गिरफ्तार करने के साथ ठोस कार्रवाई भी की जाएगी। जिससे यह भविष्य में इस तरह का कार्य न करें।

- विजय कुमार विश्वकर्मा, माधवनगर थाना प्रभारी।

सुधारन्यास कालोनी में टूटा सूने मकान का ताला

कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र की नगर सुधारन्यास कालोनी में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश 25 हजार रूपए नगद व सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। नगर सुधारन्यास कालोनी निवासी नौवमीदास चौकीकर के सूने मकान में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला और अंदर आलमारी में रखा मंगलसूत्र, पायल व 25 हजार रूपए लेकर चंपत हो गए। घर लौटने पर नौवमीदास को चोरी की जानकारी लगी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | CITY PRIDE Cinema | Food Junction | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS | GRAVITY THE PUB

नीरज सिनेप्लेक्स में
RETURN TO THE BIG SCREEN
BELLBOTTOM
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से
दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से
बेल बॉटम
कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में
BELL BOTTOM
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
BELL BOTTOM
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में
CHEHRE
24TH APRIL 2020
बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 27 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती,अन्नू कपूर आदि।
चेहरे
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठ्यक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठ्यक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)